2 पैदल चल रहे युवक को ट्रैक्टर ने लिया अपनी चपेट में, मौत




## खबर संक्षेप

### अघोर आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण आज

**अकलतरा।** अघोरेश्वर भगवान राम के महानिर्वाण दिवस पर 29 नवंबर को अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोड़ी दल्हा में अखंड संकीर्तन, वृक्षारोपण, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा भंडारा का आयोजन रखा गया है। इसके अलावा आश्रम ट्रस्ट की ओर से गरीब व जरूरतमंद सैकड़ों लोगों को कंबल का वितरण आश्रम के संस्थापक कपालिक धर्मरक्षित राम के हाथों से किया जाएगा। आश्रम परिसर में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरित की जाएगी। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा, बलौदा एवं जिला चिकित्सालय जांजगीर में भर्ती मरीजों को कंबल, दूध, फल, ब्रेड आदि का वितरण आश्रम परिवार के द्वारा किया जाएगा। भगवान राम के महानिर्वाण को लेकर आश्रम परिवार तैयारियों में जुटा हुआ है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 2 को

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक गुडलक किसान ट्रैक्टर जांजगीर द्वारा सेल्स एक्जिक्टिव 10, फाईनेंस मैनेजर 4 एवं कंप्यूटर ऑपरेटर 2, पदों पर एवं बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी सर्विस, रायपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 100 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 तक

**सक्ती।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम राज्य युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह 12 जनवरी को राज्य स्तरीय कार्यक्रम रापयुर में किया जायेगा। जिसमें इस जिले के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 30 नवंबर तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सदर स्कूल सक्ती, जिला सक्ती में सीधे जमा कर सकते है। युवा रत्न सम्मान योजना पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र आवेदन को राज्य कार्यालय प्रेषित किया जायेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

**सक्ती।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025–26 में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ में संचालित शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों सहित अन्य शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत योग्य विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अंतिम तिथि 30 नवम्बर तक निर्धारित की गई हैं।

## शिवरीनारायण-बिलासपुर मार्ग पर मुलमुला के पास हुआ हादसा

# कार को चपेट में लेकर पलटी बस, डेढ़ दर्जन घायल, 7 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-मुलमुला




सडक पर पलटी यात्री बस।

शिवरीनारायण-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर मुलमुला के पास यात्री बस कार से जा टकराई। इस घटना में कार पूरी तरह से चकनाचूकर हो गया तो वहीं बस सड़क किनारे जा पलटी। हादसे में 18 लोग घायल हो गए। जिनमें से 7 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारीर के अनुसार शिवरीनारायण से बिलासपुर की ओर चलने वाली कुरैशी बस सर्विस कंपनी की बस क्रमांक सीजी 10 जी 0406 शुक्रवार 28 नवंबर की अपने निर्धारित समय पर शिवरीनारायण से बिलासपुर जाने के लिए निकली थी। शाम करीब 4:30 बजे बस मुलमुला के फूलसागर तालाब के पास पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 07 बीपी 3346 से टकरा गई। दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों के साथ आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। बताया जाता है कि हादसे में कार में सवार लोगों के साथ बस में बैठे यात्रियों समेत कुल 18 लोगों को चोटें आई। जिन्हें पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भेजा गया। जहां से 7 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इधर घटना के बाद एसडीएम देवेन्द्र चौधरी, तहसीलदार और राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली और घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। बहरहाल पुलिस ने दोनों वाहन चालकों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

### ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

**तनौद।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के तनौद लाईफ केयर पब्लिक स्कूल के पास देर शाम एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, देर शाम ग्राम पंचायत तनौद निवासी लच्छी राम यादव पिता गंगा राम उम्र 35 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से देवरी रोड होते हुए अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ़्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चश्मदीदों के अनुसार, वाहन के पहिए से युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी, जिससे भारी मात्रा में खून बहने लगा और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घंटों इंतज़ार के बाद मिली मददघटना के तुरंत बाद राहगीरों ने डायल 112 को सूचना देने की कोशिश की, लेकिन कथित तौर पर उन्होंने व्यस्त होने का हवाला दिया।ग्राम पंचायत तनौद की सरपंच रंजनी महावीर साहू ने बताया कि सरकारी एंबुलेंस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। अंततः, एक निजी एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को उपचार के लिए पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।हादसे का कारण: सड़क पर डंप रेतराहगीरों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर घर निर्माण कार्य के लिए भारी मात्रा में रेत डंप थी।.मृतक लच्छी राम यादव एक गरीब मजदूर थे और अपने परिवार के एकमात्र सहारा थे। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की पुलिस अब फरार चालक की तलाश कर रही है।

# अकलतरा क्षेत्र में सिलसिलेवार चोरी का पर्दाफाश

## चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा





पुलिस गिरफ्त में आरोपी तथा उनके कब्जे से जब्त रुपए।

अकलतरा क्षेत्र में सिलसिलेवार हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में पुलिस ने 3 लाख रुपए नगद, सोने चांदी के जेवरात, चांदी के 28 सिक्के, 2 बाइक एवं 1 आटो जब्त किया गया है। घटना के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र में हुई सिलसिलेवार चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। कस्तूरी ट्रेडर्स में हुई बड़ी चोरी के मामले में थाना अकलतरा और सायबर टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 3 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और 28 चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और एक ऑटो भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कस्तूरी ट्रेडर्स में चोरी की वारदात आरोपी किशन कश्यप की अंदरूनी जानकारी के आधार पर की गई थी। किशन पहले पीड़ित के घर में पुताई का काम कर चुका था और दुकान की पूरी लोकेशन से वाकिफ था। आरोपी आधी रात को सुनसान देखकर सब्बल की मदद से ताला तोड़कर अंदर घुसे और नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद आरोपियों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद ब्लैकमेलिंग का भी मामला सामने आया। पुलिस ने अफरोज़ खान के ऑटो और घर से ज्वेलरी, नकदी और चांदी के सिक्के बरामद किए। इसके अलावा मां मोबाइल और साई डेली नीड्स में 24 और 25 नवंबर की रात हुई चोरी भी इन्हीं आरोपियों द्वारा की गई थी। इन दुकानों से चोरी की गई नकदी भी पुलिस ने जब्त कर ली है। अकलतरा में हुई चोरियों का खुलासा पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व और थाना अकलतरा तथा सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई से संभव हुआ। टीम में निरीक्षक सागर पाठक, थाना प्रभारी भास्कर शर्मा सहित कई पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी सुभाष रगड़े, अफरोज़ खान, राजेश रगड़े, अनिल साहू को गिरफ्तार किया हैं। चोरी के मुख्य आरोपी किशन कश्यप और एक अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। इसके लिए टीम का गठन भी किया गया है जो जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सड़क दुर्घटना रोकने लगाए जा रहे जागरूकता संबंधित होर्डिंग्स



तिहारे में लगा जागरूकता संबंधी होर्डिंग्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता संबंधित होर्डिंग्स लगाए जा रहे है। ताकि वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाए जा सके।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 28 नवंबर को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए, लोगो को जागरुक किया जा रहा है। जिले के दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में यातायात जागरूकता संबंधी होर्डिंग बोर्ड लगाने की अनुकरणीय पहल की जा रही है। जिसके तहत अब तक जिले के हथनेवरा चौक, घटोली चौक, सारागांव चौक एवं उच्चभिट्टी कोरबा रोड, मड़वा प्लांट जाने वाले रास्ते के पास दर्राभाठा में जागरूकता संबंधी बोर्ड लगाया जा चुके है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में उचित बचाव एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में जांजगीर चाम्पा पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान के माध्यम से जिले के प्रमुख स्थानों एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में यातायात जागरूकता संबंधी होर्डिंग बोर्ड लगाया जा रहा है।

### मायुम एवं जागृति शाखा द्वारा निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 30 से

**जांजगीर-चांपा।** मारवाड़ी युवा मंच एवं जागृति शाखा जांजगीर-नैला द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वर्गीय रामेश्वर लाल सिंघानिया 'नेताजी' की स्मृति में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 नवंबर, 1 और 2 दिसंबर को सतसंग भवन, वी.आई.पी. सिटी के सामने आयोजित होगा। आयोजन में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति का सहयोग प्राप्त है। शिविर का उद्देश्य उन जरूरतमंद व्यक्तियों को सहारा प्रदान करना है, जिनके हाथ या पैर किसी दुर्घटना, बीमारी या जन्मजात कारणों से क्षतिग्रस्त हुए हैं। आयोजन समिति के अनुसार, शिविर में लाभार्थियों के माप के अनुरूप उत्तम गुणवत्ता वाले कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर्स, बैसाखी तथा कान की मशीनें पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएँगी। पंजीयन 29 नवंबर तक रखा गया है। इसके लिए लाभार्थियों को आधार कार्ड की प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो और आवश्यकता अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र साथ लाने की सलाह दी गई है। शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा।

## स्वच्छता को मुंह चिढा रही गंदगी...



**जांजगीर-चांपा।** एक ओर जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत दुनिया भर के कार्यक्रम चलाए जा रहे है तो वहीं जिला मुख्यालय के वार्ड नं. 16 में डबरी किनारे कचरों का अंबार लगा है, जो स्वच्छ भारत मिशन को मुंह चिढ़ा रहा है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज, पोलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कोलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों, जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिसके अंतर्गत भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 के लिए 30 नवम्बर तथा वर्ष 2024-25 के लिए 31 दिसंबर तक तिथि निर्धारित की गई है। बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन हेतु अवसर प्रदाय नहीं किया जायेगा।

# करंट से मजदूर की मौत मामले में टेंट मैनेजर के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



करेंट से हुई मजदूर की मौत मामले को लेकर टेंट मैनेजर के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा में एक टेंट मैनेजर द्वारा टेंट का संचालन किया जा रहा है। वहीं उसमें दुर्गेश महंत काम करता है। बताया जाता है कि उक्त युवक काम कर रहा था। इस दौरान करेंट लगने से उसकी मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट के अनुसार भी मजदूर की करेंट लगने से मौत का मामला सामने आया। इस मामले में टेंट मैनेजर के खिलाफ 106(1) के तहत अपराध कायम किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंपा गया है।

## मांजरकूद में रोजगार सहायक एवं आवास मित्र से ली जानकारी

# पंचायत भवन, स्कूल एवं संस्कृति कक्ष का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती




निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ।

जिला पंचायत सीईओ ने डभरा ब्लाक के ग्राम मांजरकूद पहुंचकर पंचायत भवन, स्कूल, संस्कृति कक्ष एवं मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। इस बीच गांव के विकास के संबंध में रोजगार सहायक एवं आवास मित्र से चर्चा की। साथ ही स्कूली छात्र छात्राओं से बातचीत की।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 28 नवंबर को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन द्वारा जनपद पंचायत डभरा क्षेत्रांतर्गत नवीन ग्राम पंचायत मांजरकुद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन, मुक्तिधाम, शालाओं आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शालाओं में अध्ययनरत बच्चों से उनके शिक्षा के संबंध में चर्चा के दौरान सवाल जवाब किया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा संतोष जनक जवाब दिया गया। जिला पंचायत सीईओ द्वारा शिक्षको को शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्राम मांजरकुद के आवास के संबंध में आवास मित्र व ग्राम रोजगार सहायक से पूछताछ किया गया और मौके का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही उनके द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ शाला डभरा का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें पी.एम.श्री योजना अंतर्गत चल रहे अटल टेकरिंग एवं कला संस्कृति कक्ष भवन का निरीक्षण किया गया। साथ ही 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं से उनके शिक्षा के संबंध में सवाल-जवाब व चर्चा किया गया। साथ ही ग्राम मांजरकुद के आवास के संबंध में आवास मित्र व ग्राम रोजगार सहायक से पूछताछ किया गया और मौके का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सक्ती के उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जपं डभरा सी. के. आदिले, ज्ञानिकचंद जांगड़े, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सत्येन्द्र पटेल, आशीष पटेल, परमेश्वर पटेल एवं जनपद पंचायत के सभी तकनीकी अमला, साथ ही ग्राम मांजरकुद के आम नागरिक एवं स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# ज्वेलरी दुकान से लाखों के जेवरात पार मामले में बताने वाले को 5 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खरौद स्थित ज्वेलरी दुकान से दिनदहाड़े 36 लाख रुपए के जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों का पता बताने वालों को 5 हजार रुपए का इनाम रखा गया है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 10 नवंबर की दोपहर 3 बजे सुकुल पारा खरौद, थाना शिवरीनारायण मे एस के ज्वेलरी शॉप मे लाल बैग वाले आदमी द्वारा सोने की चेन देखने के दौरान कुछ सोने की चैन वाला डिब्बा उठाकर भाग गया। इस दौरान एक आदमी बाइक मे बाहर था। खरौद नगर में स्थित एस के ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार को दिनदहाड़े दो शातिर युवकों ने ग्राहक बनकर प्रवेश किया और मौका पाते ही 36 लाख रुपये की सोने की चेन से भरा डिब्बा लेकर फरार हो गए थे। घटना को लेकर आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। अब ऐसे में पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने वालों को 5 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### छुईहापारा में मना संविधान दिवस



**हरदीबाजार।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा विकासखंड कटघोरा में संविधान दिवस पर संस्था के प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर एवं विद्यालय स्टाफ के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं पूजन कर सभी को शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रधानपाठक राठौर द्वारा संविधान क्या है, संविधान निर्माता भीम राव अम्बेडकर पर प्रकाश डाला गया एवं छःमौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं संविधान की ताकत के बारे में बताया गया। 12 अनुसूची 395 अनुच्छेद एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं कहा गया कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है जो प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार एवं सुरक्षा देती है।

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय ने मनाया संविधान दिवस



**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर घंटाघर चौक में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष प्राचार्य के निर्देशानुसार प्राध्यापक गढ़, रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस वाचन में गीतानीया, नम्रता, चांदनी, नीलम, प्रियंका, लेखिका, आरती, नंदिनी, छाया, शैली, जिज्ञासा, माधवी, अंजली, कंचन, कृतिका, शैयिता, कशिश, मेघा सहित अन्य उपस्थित रही।

### निगम कार्यालय साकेत में मनाया गया संविधान दिवस



**कोरबा।** नगर निगम के साकेत भवन में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया, निगम के उपायुक्त बीपी त्रिवेदी ने उन्हें प्रस्तावना का पाठन कराया। इसी प्रकार महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को भी कार्यपालन अभियंता एनके नाथ ने संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया। इस मौके पर निगम के उपायुक्त पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, कार्यपालन अभियंता एनके नाथ, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, मनीष भोई, सुभाषिनी आशावान, आनंद दुबे, दिवाकांत जायसवाल, शंकर साहू, अरविंद सिंह, प्रकाश निषाद, शांतिलाल सोनी, हेमंत गभेल, अरविंद कुर्रे, नीलाम्बर यादव, द्वासराम साहू, कृष्णादास महंत, रामकृष्ण सोनी, परमेश्वर शर्मा, लक्ष्मीनारायण, तिलकाबाई ध्रुव, रामबाई, शीतलाबाई, छबिलाल, रतन सिंह, दीनबंधु महंत आदि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों व महिला स्वसहायता समूह की उपस्थित सदस्यों ने प्रस्तावना का पाठन किया।

### खड़ी ट्रेलर को पीछे से पिकअप ने मारी ठोकर

**कोरबा।** कटघोरा से अंबिकापुर नेशनल हाइवे 130 पर स्थित गुरसिया पुल के पास बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि नेशनल हाइवे पर दो घंटे से अधिक समय तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, गुरसिया पुल पर पहले से एक ट्रेलर ब्रेकडाउन होकर खड़ा था। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रेलर में जोरदार टक्कर मार दी।

### प्रदेश के बाहर की डाक अब सीधी जा रही राजधानी

# रजिस्ट्री बंद होते ही स्पीड पोस्ट सेवा हो गई महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री बंद करने के साथ ही अब स्पीड पोस्ट सेवा 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ महंगी हो गई है। जो स्पीड पोस्ट में आम लोगों के 41 रुपए खर्च होते थे वह अब 55 से 60 रुपए तक पहुंच गए हैं। किसी किसी डाक में 65 रुपए तक खर्च आ रहा है। इससे आम लोगों के जेब में बोझ बढ़ा है।

**खास बात**

- पूर्व में संभागीय कार्यालय बिलासपुर में रुकती थी डाक

डाक विभाग अपनी पुरानी व्यवस्थाओं को धीरे धीरे बदलने की प्रक्रिया शुरु करते हुए सबसे पहले 1 अक्टूबर से रजिस्ट्री पोस्ट सेवा बंद की और उसकी जगह पूर्व में चल रही स्पीड पोस्ट सेवा को ही मान्य करते हुए चालू कर दिया। इससे जिस स्पीड पोस्ट में आम लोगों के 41 रुपए खर्च होते थे वह 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ 15 से 20 रुपए महंगे हो गए हैं। स्पीड पोस्ट सेवा में राज्य सरकार ने एक और सुधार किया है। इस सुधार से अब स्पीड पोस्ट सेवा में कम समय लगेगा। पूर्व में बिलासपुर संभाग से बाहर और राज्य से बाहर जाने वाली हर डाक बिलासपुर ऑफिस में ही रुकती थी और वहां से उसका अन्य जिलों के साथ अन्य प्रदेशों के लिए भेजी जाती थी। इस प्रक्रिया में 1 से 2 दिन का अतिरिक्त समय लगा करता था। अब जिले से अन्य जिलों व अन्य प्रदेशों की ओर जाने वाली डाक सीधे रायपुर जाएगी। अब यह डाक बिलासपुर संभागीय मुख्यालय में नहीं रुकेगी सीधे राजधानी रायपुर से अन्य प्रदेशों की ओर भेजी जाएगी। इस व्यवस्था से 2 दिन के समय की बचत होने के साथ स्पीड पोस्ट सेवा जल्दी पहुंचेगी।




**डाक विभाग लगाएगा आधार अपडेशन शिविर**

डाक विभाग के द्वारा आधार कार्ड ऑपरेशन का कार्य भी किया जा रहा है। सबसे पहले आधार कार्ड बनाने की शुरुआत डाक विभाग से ही की गई थी तबसे डाक विभाग के द्वारा आधार के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा शहर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल एनसीडीसी में 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आधार एनरोलमेंट एवं आधार अपडेशन संबंधी कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा नए आधार कार्ड बनाने के साथ पुराने आधार कार्ड में भी सुधार कार्य किया जाएगा। डाक विभाग के अनुसार 5 से 15 साल की आयु पर बायोमैट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है।

# पैदल चल रहे युवक को ट्रैक्टर ने लिया अपनी चपेट में, मौत



दुर्घटनाकारित ट्रैक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

काम करके घर लौट रहा एक युवक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सपलवा निवासी सुमिरन धनवार उम्र 24 साल पिता तेज शाह धनवार बुधवार की शाम 6 बजे बारी उमराव से मजदूरी करके पैदल पैदल सड़क मार्ग से सपलवा अपने घर जा रहा था कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे सुमिरन धनवार गिर गया और ट्रैक्टर उसी के उपर पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने के कारण मौके पर ही सुमिरन की मौत हो गई। घटना की सूचना चैतमा चौकी में मिलने पर चौकी प्रभारी अफसर खान अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सौंप दिया। मौके से आरोपी टैक्टर चालक फरार हो गया है जिसकी पतासाजी की जा रही है। मामले में पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

# उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय को मिला बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर का अवार्ड



जीएम श्री मिश्रा को सम्मानित करते अतिथि।

**मिश्रा के नेतृत्व में दीपका ने हासिल की कई उपलब्धि**

एसईसीएल दीपका महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दीपका क्षेत्र ने प्रशासनिक एवं राजस्व विभाग के साथ मजबूत समन्वय, पुनर्वास एवं मुआवजा वितरण में पारदर्शिता, समुदाय के साथ विश्वास बहाली और संवाद, चुनौतियों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान, सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता, सीएसआर और सामुदायिक विकास योजनाओं का क्रियान्वयन जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के 41वें फाउंडेशन डे समारोह में दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा को उनके उत्कृष्ट प्रबंधन, दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रशासनिक दक्षता के लिए बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर आवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दीपका क्षेत्र की निरंतर प्रगति, सामाजिक उत्तरदायित्व और खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को दर्शाता है।



संजय कुमार।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल के 14 क्षेत्रों में से दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री मिश्रा को बेस्ट एरिया जनरल मैनेजर के आवार्ड से सम्मानित किया गया है। महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दीपका क्षेत्र ने खनन कार्यों में गति, उत्पादन तथा सुरक्षा को एक नए स्तर तक पहुँचाया है। दीपका क्षेत्र ने न केवल उत्पादन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया, बल्कि प्रदेश प्रशासन और स्थानीय राजस्व विभाग के साथ अभूतपूर्व समन्वय स्थापित करते हुए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी चुनौतियों को भी प्रभावी ढंग से पार किया। मलगाँव एवं हरदीबाजार जैसे जटिल और संवेदनशील गाँवों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, सर्वेक्षण एवं मुआवजा वितरण जैसे कार्यों को पारदर्शी, समयबद्ध और सुचारु रूप से पूरा करने में दीपका क्षेत्र ने सफलता दर्ज की। भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास कार्यों में आई सामाजिक, कानूनी एवं राजस्व संबंधी अड़चनों का समाधान श्री मिश्र के रणनीतिक और संवेदनशील नेतृत्व में ही संभव हो पाया।

# मारपीट के मामले में 8 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों बुधवारी दशहरा मैदान में एक युवक के साथ बेहरमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मारपीट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिक सहित कुल 8 आरोपियों को धरदबोचा और घटना में इस्तेमाल की गई चार मोटर साइकिल को भी जप्त किया गया है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार निवासी सागर यादव उम्र 24 साल पिता नारायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 20 नवंबर की रात्रि लगभग 11:50 बजे बुधवारी बाजार दशहरा मैदान में था, उसी दौरान चार-पांच मोटरसाइकिल में कुछ लड़के लोग आए और सागर यादव को मां-बहन की गाली गलौज कर मारपीट करते हुए उसकी गाड़ी को तोड़फोड़ किए। मामले में पुलिस ने सागर यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात युवकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन में जुट गई थी। इस बीच चौकी प्रभारी भीमसेन यादव को मुखबीर से सूचना मिली कि मारपीट के आरोपी क्षेत्र में घूम रहे हैं सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने दबिश दी और मारपीट करने वाले एक नाबालिक सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में आरामशीन नूरी मस्जिद के पास निवासी पृथ्वी दास महंत पिता रोशन दास महंत उम्र 22 साल, कार्तिक दास पिता गोपी दास महंत उम्र 19 साल, तुषार साहू पिता निरंजन साहू उम्र 21 साल, जतिन कुमार पिता मिश्रीलाल कुर्मी उम्र 19 साल, साहिल दास पिता देवेंद्र दास महंत उम्र 18 साल, राहुल दास पिता रोशन दास महंत उम्र 22 साल एवं सीएसईबी कॉलोनी निवासी गजानंद यादव पिता मंगल साईं यादव उम्र 20 साल को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई चार मोटर साइकिल को जप्त किया गया है।



## औद्योगिक विकास को लग रहे पंख निवेश की रफ्तार से आगे बढ़ रहा प्रदेश



मुख्य अतिथि का स्वागत करते उद्योग संघ के पदाधिकारी।

**कोरबा।** अब तक प्रदेश को लगभग 7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राज्य के बड़े औद्योगिक जिलों के साथ साथ बस्तर से लेकर सरगुजा तक औद्योगिक विकास तेजी से होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ निवेश को गति देने व युवाओं को रोजगार प्रदान की दिशा में मजबूती से कार्य हो रहे हैं। कोर सेक्टर स्टील, स्पंज, एल्युमिनियम, बिजली के साथ-साथ टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल, ए आई डाटा सेंटर, होटल, हॉस्पिटल, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग सहित अन्य सेक्टर के उद्योगों को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ औद्योगिक विकास नीति बनाई गई है, इसका बेहतर प्रतिसाद भी अब दिखने लगा है।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित औद्योगिक विकास पर परिचर्चा और सम्मान कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 से प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण बन रहा है, यहां उद्योगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। हमारी नई औद्योगिक नीति को देशभर में सराहना मिल रही है। पूर्ववर्ति सरकार ने उद्योग जगत को 10 साल पीछे धकेल दिया था, उनके सब्सिडी की राशि रोक दी गई थी।

## स्वच्छता में कोताही पड़ी भारी, एसईसीएल पर निगम ने ठोंका 50 हजार का जुर्माना



एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण करते निगम आयुक्त श्री पांडेय।

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एसईसीएल कोरबा, मानिकपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, मुख्य मार्गों, आवासीय क्षेत्रों में जगह-जगह पसरी गंदगी व कचरे का ढेर देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर की अव्यवस्था पर भी अफसोस जाहिर किया तथा एसईसीएल प्रबंधन को नोटिस जारी करने एवं प्रबंधन पर शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही के निर्देश अधिकारियो को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ एसईसीएल मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर बस्ती, पोखरी के पास, जीएम आफिस के पीछे, मानिकपुर बाजार, रेलवे स्टेशन गेट नम्बर 2 के पास व मुख्य व संपर्क मार्गों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इन सभी स्थलों पर जगह-जगह बिखरी गंदगी, कचरे का ढेर व साफ-सफाई का अभाव परिलक्षित होने पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने, नियमित सफाई कार्य करने एवं सफाई व्यवस्था पटरी पर लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक को निर्देशित करते हुए कहा कि एसईसीएल प्रबंधन को इस हेतु नोटिस दें तथा शहर की स्वच्छता के साथ खिलवाड़ करने, सफाई व्यवस्था के प्रति लगातार लापरवाही बरतने पर 50 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किए जाने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें।

### मजदूर विरोधी चारों श्रमिक कानूनों को रद्द करने की रखी मांग

# नए श्रम कानूनों के विरोध में एटक का धरना एवं आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रमिक संगठनों के संयुक्त आवाहन पर राज्य में कॉर्पोरेट पक्षिय और घोर मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग करते हुए, विरोध दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अल्युमिनियम एम्पलाइज यूनियन एटक की ओर से चार श्रम संहिताओं के विरोध में बालको संयंत्र के मुख्य द्वार परसाभाटा, आजाद चौक पर धरना एवं आमसभा का आयोजन किया गया है।

जिसकी अध्यक्षता कामरेड एसके सिंह और संचालन यूनियन के महासचिव कामरेड सुनील सिंह के द्वारा किया गया। उन्होंने चार नये श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध किया तथा साथ ही मजदूर विरोधी नीतियों पर बोलते हुए कहा कि कारखाना में हजारों की संख्या में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है। धरना और आमसभा को संबोधित करते हुए राज्य एटक के प्रांतीय महासचिव कामरेड हरिनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार नये श्रम संहिताओं को बनाकर न केवल देश के मजदूरों को कारखानेदारों का गुलाम बना दिया, बल्कि मजदूरों को 18 वीं शदी में धकेल दिया है, उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रचारित किया जा रहा है कि, श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और ओवरटाइम दोगुने दर पर भुगतान होगा। सभी श्रमिकों को रोजगार पत्र मिलेगा, मातृत्वहित लाभ भी मिलेगा, यह सब कोई नई चीज नहीं है। मजदूर निर्णायक लड़ाई के पश्चात बहुत पहले ही उपरोक्त सुविधा प्राप्त कर चुके हैं। कॉमरेड सिंह ने कहा चार श्रम सहिताएं घोर मजदूर विरोधी और कॉरपोरेट पक्षिय हैं,यह चारों श्रम संहिताएं रद्द किये जाएं। कामरेड सिंह ने कहा देश का मजदूर चारों नये काले श्रम संहिताओं कानून को वापस लेने व रद्द करने के लिए अपनी एकता जागरूकता का प्रदर्शन करना जारी रखेगा। कार्यक्रम में सीटू के कॉमरेड एसएन बनर्जी, एटक से एसके सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, एमएल रजक ने भी संबोधित किया। अंत में चार श्रम कोड बिल को जलाकर विरोध दिवस मनाया गया।




विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संगठन के पदाधिकारी।





# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 'रात अकेली है 2' का टीजर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हिट क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'रात अकेली है' अपने सीक्वल के साथ लोगों का मनोरंजन करने के लिए लौट रही है। इस बार अभिनेता को बंसल हत्याकांड मामला सुलझाते हुए देखा जाएगा। इस वजह से फिल्म का नाम 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स' रखा गया है। निर्माताओं ने ज्यादा इंतजार न करवाते हुए सीक्वल किस्त का टीजर जारी कर दिया है। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर गोवा में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में किया जाएगा। निर्माताओं ने 'रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स' का टीजर जारी करते हुए लिखा, 'इंस्पेक्टर जटिल का रात के अंधेरे से पुराना रिश्ता है।

लाइफStyle



# कृति

## पहले भी इन फिल्मों से जीत चुकी हैं जनता का दिल

अभिनेत्री कृति सैनन बॉलीवुड की उन बेहतरीन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने कई सुपरस्टार के साथ स्क्रीन साझा की है। फिलहाल वह अपनी फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लोगों का ध्यान खींच रही हैं जिसमें उनके साथ सुपरस्टार धनुष हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में कृति ऐसी रोमांटिक लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो उनके जुनून और आक्रामक प्यार को दर्शाता है। हालांकि, पहले भी उन्होंने फिल्मी पर्दे पर अपनी रोमांटिक फिल्मों के जरिए दर्शकों का फुल मनोरंजन किया है। अभिनेता शाहिद कपूर के साथ कृति की रोमांटिक फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' पिछले साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृति को पहली बार एक महिला रोबोट का किरदार निभाते हुए देखा गया था, जो इंसानी ख्वाहिशों को जानने और समझने में माहिर थी। फिल्म में शाहिद और कृति की जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई थी। इसके गाने भी लोगों का दिल जीतने में कामयाब हुए थे। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ कृति की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'लुका छिपी' 2019 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी लिविंग रिलेशनशिप पर आधारित है। इसके जरिए निर्माताओं ने इस संवेदनशील सामाजिक मुद्दे को उठाने की कोशिश की थी। कृति और कार्तिक की केमिस्ट्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। फिल्म में अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी, विनय पाठक और अल्का अमीन जैसे कलाकार भी शामिल थे।

हॉलीवुड मसाला



# ओटीटी पर धूम मच गई...

**लॉस एंजिल्स।** चर्चित वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' आखिरकार अपने 5वें सीजन के साथ नेटफ्लिक्स पर आ चुकी है। 3 साल के लंबे इंतजार के बाद जैसे ही सीरीज ने भारत में दस्तक दी तो ओटीटी पर धूम मच गई। निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के पहले 4 एपिसोड प्रसारित किए हैं, जिन्हें देखने के बाद जनता ने सोशल मीडिया के जरिए अपना फैसला सुना दिया है। आइए जानते हैं कि लोगों को 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' कैसी लग रही है।



# शेयर की प्यारी सेल्फी; फैंस ने लुटाया 'वाराणसी' एक्ट्रेस पर प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा पिछले कुछ समय से हैदराबाद में एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही थीं। अब वह अपने लॉस एंजिल्स वाले घर लौट गई हैं, जहां वह अपनी बेटी मालती मैरी और पति निक जोनस के साथ रहती हैं। प्रियंका अपने लॉस एंजिल्स वाले घर वापस लौट चुकी हैं। घर से उन्होंने अपनी एक प्यारी सेल्फी शेयर की है, जिसमें वह अपने घर की छत पर खड़ी नजर आ रही हैं। इस सेल्फी में प्रियंका कैजुअल कपड़ों में हैं और हाथ से '**V**' (विक्ट्री) का निशान बनाती नजर आ रही हैं। इस सेल्फी के साथ प्रियंका ने लिखा – 'घर'। इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल वाला इमोजी भी बनाया। प्रियंका की यह सेल्फी उनके फैंस को बेहद प्यारी लग रही हैं। हाल ही में प्रियंका एक डॉक्यूमेंट्री '**Born Hungry**' की निर्मात्री बनी हैं। इसमें एक बच्चे सैश की कहानी है, जिसे बचपन में बहुत तकलीफे झेलनी पड़ीं।



# 'नागिन-7' का प्रोमो व रिलीज तारीख जारी

**मुंबई।** 'टीवी की क्वीन' कही जाने वालीं एकता कपूर अपने सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' को लेकर काफी समय से चर्चा में थीं। कुछ दिन पहले उन्होंने अपनी नई नागिन का खुलासा किया था। अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन 7' में मुख्य किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। अब निर्माताओं ने शो का नया प्रोमो जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। प्रोमो देखने के बाद लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। 'नागिन 7' के प्रोमो ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिलचस्प बात ये है कि प्रियंका के साथ, आगामी सीजन में ईशा सिंह और करण कुंद्रा भी अहम किरदार में नजर आएंगे। प्रोमो देखने के बाद एक यूजर ने लिखा, 'मैं प्रियंका के नागिन के किरदार को लेकर उत्साहित हूं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'बहुत-बधाई हो प्रियंका चौधरी।'



# सलमान की 'बैटल ऑफ...' का बड़ा सौदा...

**मुंबई।** सलमान खान की पिछली रिलीज फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल न दिखा सकी। यही वजह है कि लोग उनकी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। आमिर खान की फिल्म 'लगान' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले अपूर्व लाखिया, सलमान के साथ इस फिल्म को पर्दे पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच पता चला है कि 'बैटल ऑफ गलवान' ने रिलीज से पहले बड़ा सौदा कर लिया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, जियो स्टूडियोज ने 'बैटल ऑफ गलवान' को 325 करोड़ रुपये की भारी कीमत के साथ खरीद लिया है। फिल्म का संगीत अधिकार, सैटेलाइट अधिकार, डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार और नाटकीय वितरण अधिकार अब जियो स्टूडियोज के पास होगा।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19: बचे हुए कंटेस्टेंट्स में सबसे अमीर कौन...?

**मुंबई।** बिग बॉस 19 में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल का नाम खूब चर्चा में है। उनके इंस्टाग्राम पर 3.9 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। तान्या की आय का सबसे बड़ा स्रोत ब्रांड एंडोर्समेंट है।

रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी अनुमानित संपत्ति 12 से 15 करोड़ रुपये के बीच है। इस वजह से वह शो में मौजूद कई अन्य प्रतिभागियों से अधिक संपत्ति रखती हैं। पिछले रविवार को कुनिका सदानंद शो से बाहर हो गईं। इसके बाद खबरें हैं कि मालती चाहर भी जल्द ही बाहर हो सकती हैं। ऐसे में शो में अब जो टॉप 7 कंटेस्टेंट्स बचे हैं, उनमें तान्या मित्तल के साथ गौरव खन्ना, अमाल मलिक, प्रणित मोरे, अशनूर कौर, फरहाना भट्ट और शहबाज बदेशा शामिल हैं।

### तान्या से अमीर कौन?

इन सात प्रतिभागियों में से केवल गौरव खन्ना और अमाल मलिक ही तान्या से अधिक संपत्ति रखते हैं। बाकी चार कंटेस्टेंट्स की तुलना में तान्या की नेटवर्थ अधिक है। शो में बचे हुए प्रतिभागियों में सबसे अमीर शख्स हैं सिंगर और कंपोजर अमाल मलिक। उनकी अनुमानित संपत्ति 25 से 30 करोड़ रुपये है। अमाल की कमाई का स्रोत संगीत, सिंगल्स, सोशल मीडिया और स्टेज शो हैं। उनकी लोकप्रियता और काम का दायरा उन्हें शो का सबसे अमीर प्रतिभागी बनाता है।

### गौरव खन्ना की संपत्ति

टीवी शो 'अनुपमा' से मशहूर हुए अभिनेता गौरव खन्ना भी शो के अमीर कंटेस्टेंट्स में शामिल हैं। वे मुख्य रूप से टीवी सीरियल्स, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया से कमाते हैं। उनकी नेटवर्थ लगभग 15 से 18 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### शहबाज बदेशा और अशनूर कौर की कमाई

पंजाबी सिंगर शहबाज बदेशा की संपत्ति करीब 7 से 10 करोड़ रुपये है। वे पंजाबी म्यूजिक प्रोजेक्ट्स और सोशल मीडिया कोलेबोरेशन से अपनी आय अर्जित करते हैं। वहीं, टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री अशनूर कौर, जिन्होंने 'पटियाला बेब्स' जैसे सीरियल में काम किया है, की संपत्ति लगभग 4 से 5 करोड़ रुपये है। उनकी कमाई का स्रोत टीवी शो, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

### प्रणित मोरे और फरहाना भट्ट की नेटवर्थ

स्टैंड-अप कॉमेडियन और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर प्रणित मोरे की संपत्ति लगभग 4 से 8 करोड़ रुपये है। वे मुख्य रूप से **YouTube** और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कमाते हैं। मौजूदा कंटेस्टेंट्स में सबसे कम संपत्ति फरहाना भट्ट के पास है। उनकी अनुमानित नेटवर्थ 1.5 से 3 करोड़ रुपये है। फरहाना की कमाई का स्रोत एक्टिंग, ब्रांड डील्स और सोशल मीडिया है।

# 'तू मेरी मैं तेरा...' के टाइटल ट्रैक पर नचाने आ रहे



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन पिछले कुछ साल में युवा पीढ़ी के पसंदीदा अभिनेताओं में से एक बन चुके हैं। 'भूल भुलैया' जैसी कॉमेडी-हॉरर फ्रेंचाइजी ने उनकी लोकप्रियता में खूब इजाफा किया। अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के जरिए लोगों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। इसमें उनका साथ अभिनेत्री अनन्या पांडे देंगी। हाल ही में निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था और अब फिल्म के टाइटल ट्रैक पर अपडेट दिया है।

***फिल्म के पहले गाने पर आ गया अपडेट :*** कार्तिक ने आगामी फिल्म के टाइटल ट्रैक, जिसका नाम भी 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' ही है, से जुड़ी जानकारी साझा कर दी है। उन्होंने गाने की एक झलक दिखाते हुए लिखा, 'हुकस्टेप सीखना करना शुरू कर दो दोस्तों, आ रहा है! कल रिलीज!' गाना तो 28 नवंबर को रिलीज होगा, लेकिन इसके टीजर ने अभी से लोगों को उत्साहित कर दिया है। कार्तिक और अनन्या की यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज हो रही है।

# बॉक्स ऑफिस पर बेदम निकली 'मस्ती 4', इन चर्चित कॉमेडी फिल्मों के सीक्वल भी हुए फेल

**मुंबई।** बीते 21 नबंर को फिल्म 'मस्ती 4' सिनेमाघरों में आई थी। इस एडल्ट कॉमेडी फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन इसने दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों को भी निराश कर दिया। रितेश देशमुख, आफताब और विवेक ओबेरॉय की तिकड़ी को तारीफों के बजाय लोगों से खरी-खोटी सुनने को मिली। 50 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म महज 12 करोड़ रुपये कमा पाई है। आइए उन शानदार कॉमेडी फिल्मों के बारे में जानें, जिनके सीक्वल नहीं चले।

### 'सन ऑफ सरदार 2'

अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक थी, लेकिन रिलीज के बाद फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। हीरो का स्टारडम भी इसे फ्लॉप होने से नहीं बचा पाया। 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी ये फिल्म बस 60 करोड़ रुपये



जुटा पाई, जबकि 'सन ऑफ सरदार' ने 30 करोड़ रुपये के बजट में 161 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'वेलकम बैक'

'वेलकम बैक' 2007 में आई हिट कॉमेडी 'वेलकम' का सीक्वल थी। 8 साल बाद आए फिल्म के सीक्वल से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उनकी कसौटी पर खरी नहीं उतरी। 90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 96 करोड़ रुपये कमाए थे। जहां बॉक्स ऑफिस पर इसने औसत प्रदर्शन किया, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म को नकार दिया था। उधर 'वेलकम' ने 32 करोड़ रुपये की लागत में 117 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'डबल धमाल'

*साल 2011 में रिलीज हुई 'डबल धमाल' कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' का सीक्वल थी। 30 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 44 करोड़ रुपये तो कमाए, पर दर्शकों को ये फिल्म कुछ खास पसंद नहीं आई। उधर संजय दत्त, रितेश देशमुख और अरशद वारसी की धमाल का बजट 17 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म को न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों ने भी जमकर सराहा था।*

### 'हंगामा 2' और 'बंटी और बबली 2'

*जब 'हंगामा' के बाद इसका सीक्वल 'हंगामा 2' आया तो लोगों ने कहा कि ये क्या बना डाला। फिल्म से शिल्पा शेट्टी की बड़े पर्दे पर वापसी हुई थी, लेकिन दर्शकों ने उन्हें भी नकार दिया। फिल्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। उधर अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की क्राइम कॉमेडी फिल्म 'बंटी और बबली' के सीक्वल 'बंटी और बबली 2' को 45 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया और ये महज 22 करोड़ रुपये कमा पाई।*

## इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते आएंगे नजर

# दिसंबर में रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, पहली वाली पर चर्चा सबसे तेज

**मुंबई।** इस साल 'छावा' से लेकर 'सैयारा' तक गई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुईं और बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया, पर 2025 खत्म होने में अभी वक्त है। आने वाले दिनों में यूं तो कई फिल्में आ रही हैं, लेकिन कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिन पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कितने नोट छापेंगी, ये तो वक्त ही बताएगा, लेकिन इन्हें लेकर दर्शकों की उत्सकुता चरम पर है।

### 'धुरंधर'



ब्लॉकबस्टर फिल्म उरी के निर्देशक आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' से सभी को बड़ी उम्मीदें हैं। बजट के लिहाज से ये इस फिल्म के हीरो रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी फिल्म है। इसका बजट 250 करोड़ रुपये है। 'धुरंधर' में रणवीर एक स्पाई एजेंट बने हैं। सारा अर्जुन, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी इस फिल्म में अहम भूमिका में हैं। 5 दिसंबर को ये फिल्म रिलीज होने वाली है।

### 'किस किस को प्यार करूं 2'

कपिल शर्मा अपनी फिल्म 'किस किस को करूं' के सीक्वल के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। उन्होंने फिल्म को मोशन पोस्टर रिलीज कर बताया था कि इस बार दोगुनी मस्ती और चौगुनी हंसी के लिए तैयार रहें। फिल्म में इस बार कपिल 1 नहीं, बल्कि 4 हीरोइनों के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। साथ ही कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए मनजोत सिद्धू भी अहम किरदार में दिखेंगे। ये फिल्म 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में आ रही है।

### 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' और 'अवतार: फायर एंड एश'



महिमा चौधरी और संजय मिश्रा की कॉमेडी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

उधर ब्लॉकबस्टर हॉलीवुड फ्रैंचाइजी 'अवतार' की अगली किस्त 'अवतार: फायर एंड एश' भी इसी दिन सिनेमाघरों में आएगी। जेम्स कैमरून की 'अवतार' फ्रैंचाइजी दुनियाभर में जितनी पसंद की जाती है, उतनी ही दीवानगी इसकी भारत में भी देखने को मिलती है। अब एक बार फिर फैंस शानदार विजुअल्स, नई कहानी और पैंडोरा की दुनिया में वापस जाने को तैयार हैं।

### 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' और 'इक्कीस'

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने जा रही है। 'सत्यप्रेम की कथा' बना चुके समीर विद्वांस की ये फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। उधर 25 दिसंबर को ही अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' दर्शकों के बीच आ रही है, जो दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म होगी।



## खबर संक्षेप

### सशिम में सप्तशक्ति संगम सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में सप्तशक्ति संगम सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रियंका शुक्ला शिक्षिका, मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती विनीता तंबोली शिक्षिका, वक्ता के रूप में श्रीमती रीना शुक्ला अभिभावक, कार्यक्रम संयोजिका के रूप में श्रीमती सुप्रिया शुक्ला प्राचार्य के द्वारा मां सरस्वती प्रणवाक्षर ओम भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में लगभग 110 मातृशक्ति उपस्थित थी। समाज सेविका श्रीमती लक्ष्मीन कश्यप एवं श्रीमती बिंदु तिवारी को सम्मानित किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में सभी मातृशक्ति ने आनंद पूर्वक सहभागिता निभाई , सभी मातृ शक्ति का आभार व्यक्त विद्यालय की उपासना जायसवाल एवं मंच संचालन श्रीमती पदमा जायसवाल ने किया । कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थी ।

### तुस्मा में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आज से

**तुस्मा।** तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला में शनिवार 29 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध संत पंडित रामचंद्र पांडे (बरेली) करेंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतिदिन शाम को निर्धारित समय पर कथा प्रारंभ होगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों की कथा,भागवत महापुराण के महत्व और जीवन जीने की कला पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कथा के दौरान भजन–कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुतियां भी होंगी। अंतिम दिन में हवन–पूजन और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन ग्राम में धार्मिक वातावरण को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सामाजिक मेल–जोल और आपसी सद्भाव को भी मजबूत करते हैं। आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर कथा श्रवण करने अपील की है।

### किरारी में सोनी ने संभाला प्राचार्य पद का दायित्व



**किरारी।** शासकीय विद्यालय किरारी में नव-नियुक्त प्राचार्य श्रीमती अंजूला सोनी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण की प्रक्रिया किरारी के प्रभारी व्याख्याता शशिकांत दीवान द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों ने श्रीमती सोनी को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। अंजूला सोनी ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वे पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगी। नई प्राचार्य के आगमन से विद्यार्थियों में नई आशा और उत्साह का संचार देखा गया।

### संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण 1 दिसंबर से

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड नंबर-24 में भीमा तालाब के पास गुप्ता परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का आयोजन 1 दिसंबर से रखा गया है। कथा व्यास पीठ पर पंडित कामता प्रसाद विराजमान होंगे। वहीं पंडित सुजल दास वैष्णव उनके साथ रहकर प्रतिदिन कथा पाठ करेंगे। आयोजक भोज राम गुप्ता एवं श्रीमती राजेश्वरी गुप्ता ने बताया कि हमारे निवास स्थान वार्ड नंबर-24 भीमा तालाब के पास जांजगीर में संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण 1 दिसंबर को कलश यात्रा एवं देवी पूजन के साथ प्रारंभ होगा। 2 दिसंबर को सृष्टि उत्पत्ति एवं मधु कैटभ जन्म, 3 दिसंबर को व्यास जन्म व हैग्रीव जन्म, 4 दिसंबर को सुदर्शन उपाख्यान एवं हरिश्चंद्र कथा, 5 दिसंबर को सती चरित्र एवं मां पार्वती जन्म, 6 दिसंबर को शिव विवाह एवं ताड़कासुर वध, 7 दिसंबर को गणेश जन्म एवं जलंधर चरित्र, 8 दिसंबर को मां काली, चामुंडा, शुंभ- निशुंभ वध, 9 दिसंबर को महिषासुर वध, रक्तबीज संहार, हवन, चढ़ोत्री व शोभायात्रा एवं 10 दिसंबर को गीता पाठ, चढ़ोत्री व ब्राह्मण भोज कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजन को सफल बनाने में प्रकाश गुप्ता, श्रीमती कविता गुप्ता, रवि गुप्ता, श्रीमती मधु गुप्ता, विजय केशरवानी, श्रीमती आरती केशरवानी, प्रतीक गुप्ता, प्रगति गुप्ता, आयुष गुप्ता, विमान गुप्ता, अंशु केशरवानी, वीरू केशरवानी सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

## निधन

### लखन लाल शर्मा



**लोहर्सी।** नागदेव पारा लोहर्सी के प्रतिष्ठित नागरिक लखनलाल शर्मा का सोमवार 24 नवंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिए सख्त निर्देश

# कलेक्टर ने किया अमरताल धान संग्रहण केंद्र का औचक निरीक्षण, धीमे उठाव पर व्यक्त की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अमरताल धान संग्रहण केंद्र का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया, जहां धान का उठाव की धीमी प्रगति पर एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध पर उन्होंने समिति प्रबंधक के प्रति नाराजगी व्यक्त की एवं आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही धान उठाव समय-सीमा में उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने धान मिलर्स से चर्चा की। संग्रहण केन्द्र के मजदूरों के भुगतान समय पर करने कहा। इसके साथ उन्होंने पकरिया झूलन और भदरा धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने खरीदी केन्द्रों में आद्रता मापी मशीन और तौल उपकरणों की कार्यप्रणाली की जांच की तथा किसानों से चर्चा कर उनकी एग्रीस्टैक पंजीयन में आ रही समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारी को फोन लगाकर तत्काल निराकरण करने दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाइवे से केंद्र तक पहुंचने वाले मार्ग पर संकेतक बोर्ड और स्टॉपर लगाने के निर्देश दिए। उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण में समिति प्रबंधकों को तौल और खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जानकारी किसानों को तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की देरी या असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि रकबा समर्पण का कार्य शीघ्रता एवं निरंतर करें। धान उपार्जन के पश्चात शेष रकबे को कृषक से सहमति पत्र लेकर रकबा समर्पण करें। उन्होंने कहा कि खरीदी व्यवस्था को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी किया जा रहा है। उन्होंने खरीदी केंद्रों में धान का सुरक्षित स्टेकिंग सुनिश्चित किया जाए और किसानों के लिए पीने का पानी, शेड, बैठने की व्यवस्था और शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। उन्होंने किसानों से चर्चा की। किसानों ने बताया कि एग्रीस्टैक पंजीयन एंट्री के संबंध में समस्या बतायी। जिस पर कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी से फोन पर बात कर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खाद्य अधिकारी कौशल साहू, डीएमओ, समिति प्रबंधक सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



केन्द्र में धान तौल कराते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### कोनारगढ में धान खरीदी शुभारंभ किसान कुटीर भवन का उद्घाटन



**कोनारगढ।** सेवा सहकारी समिति मुलमुला के उपार्जन कोनारगढ में का धान खरीदी का शुभारंभ किया गया एवं किसान कुटीर भवन उदघाटन किया गया। पहले दिन 2 किसानों ने अपना टोकन कटवाया था जिसने 52.20 क्विंटल धान की खरीदी किया गया। धान खरीदी का शुभारंभ अनिल जोशी सरपंच, धनजीत सिंह प्राधिकृत अध्यक्ष, भूपेंद्र सिंह ब्रांच मैनेजर शाखा पामगढ़, सन्नी यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधी,अमितेंद्र सिंह सरपंच मुलमुला, मधुसूदन साहू संस्था प्रबंधक, सोनेलाल कुर्रे, जयनारायण पांडेय, विजय कश्यप, नवीन सिंह, राजकुमार कश्यप, लक्ष्मी साहू, संतोष पटेल, पुष्पराज सिंह, प्रभारी एवं अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना कर प्रथम धान टोकन कटाने वाले किसान परमेश्वर कश्यप के धान का तौल किया गया और किसान को माला पहनाकर सम्मान किया गया। संस्था के घनश्याम प्रताप सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर, कोमल सिंह, सहित किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



जागरुकता कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को जानकारी देते थाना प्रभारी एवं अन्य।

## नशा शरीर, परिवार और समाज तीनों का दुश्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

- छात्रों को नशा से दूर रहने, साइबर क्राइम और ट्रैफिक नियमों को दी गई जानकारी

स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंड्री स्कूल करनौद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। बिर्रा थाना प्रभारी जयकुमार साहू और उनकी टीम ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध, साइबर क्राइम, उनसे बचाव और कानूनों की जानकारी दी।

पोक्सो एक्ट, बाल संरक्षण अधिनियम और अपराधों में सजा के प्रावधानों को भी विस्तार से समझाया गया। पुलिस टीम ने छात्रों को खेल और पढ़ाई से जुड़े रहने, नशे से दूर रहने और नशे के शिकार लोगों के पुनर्वास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नशा शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा दुश्मन है और युवाओं को इससे बिल्कुल दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में ट्रैफिक नियमों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। थाना प्रभारी जयकुमार साहू ने विद्यार्थियों से हेलमेट पहनने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने की अपील की। साइबर सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन 1930 और शिकायत पोर्टल के बारे में बताया। टीम ने छात्रों को डायल-112 और एप अपने मोबाइल में इंस्टॉल करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवा नशे और अपराधों से दूर रहकर सुरक्षित समाज बनाने में सहयोग करें। इस कार्यक्रम में एस आई मुकेश पांडेय, मुंशी उजीर विद्यालय के प्राचार्य एस एन जलतारे, दुर्गा प्रसाद डडसेना, मनीष पटेल,लखन लाल जायसवाल,बी एल साहू, एम के साहू, सहित पूरा विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में दी गई जानकारी

**राहौद-मेंहदी।** शासकीय हाई- स्कूल मेहंदी में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रथ राम जांगड़े अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति और संस्था प्रमुख संतोष अनंत और स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और बाल कैबिनेट के पदाधिकारियों ने विश्व भारत रत्न दलित शोषितों के मसीहा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ हर्षोल्लास भीमराव अंबेडकर व भारत माता और संविधान की प्रति के तैल चित्र में धूप दीप प्रज्वलित कर संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर प्रारंभ की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ और तिलक से छात्र प्रतिनिधि ऋतुराज ने सम्मान किया और आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि और संस्था के सभी सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाओं ने संविधान में निहित अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में और विद्यार्थियों ने संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया। संस्था प्रमुख संतोष अनंत ने बाबा साहब के जीवन यात्रा को गीतों भरी कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। गत वार्षिक परीक्षा 2024- 25 में 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने वाली छात्र कुमारी विजय लक्ष्मी यादव को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती देवकांता यादव ने संविधान की महिमा के गीतों के माध्यम से गुणगान गाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए संस्था प्रमुख संतोष अनंत ने मुख्य अतिथि और सभी अन्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## भारत का संविधान एकता के सूत्र में पिरोने वाला : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- दिल्ली पब्लिक स्कूल ने किया यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के छात्रों द्वारा भारत के संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था व्यक्त करने के लिए ''छात्र संसद'' का आयोजन 26 नंवबर को किया गया। ऑडिटोरियम जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में सीजेएम प्रवीण मिश्रा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार कुशवाहा उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक पुस्तक नहीं है यह हम सभी के अधिकारों, कर्तव्यों और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाली शक्ति है। इस अवसर पर सा. विज्ञान के विभागाध्यक्ष केशर कश्यप ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा 9 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों ने यूथ पार्लियामेंट के अंतर्गत लोकसभा में एक देश, एक चुनाव विधेयक प्रस्तुत किया तथा कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के रूप में मानसी जगत ने बिल प्रस्तुत किया तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रूप में अनादि शर्मा ने बिल का पुरजोर विरोध करते हुए अपने तर्क प्रस्तुत किए उनका सहयोग करते हुए कांग्रेस सांसद, शशिथरूर के रूप में मन्नत वैष्णव ने बिल के विरोध में अपनी बात प्रभावशाली तरीके से सदन के समक्ष रखी। स्पीकर ओम बिरला के रूप में गर्वित अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही को गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराया। विपक्ष के पुरजोर खंडन का जोश के साथ प्रतिउत्तर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी के रूप में सकीना लोहावाला ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। इसी प्रकार सभी छात्रों ने बारी-बारी से बिल के पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए और फिर प्रश्नकाल तथा शून्यकाल का आयोजन किया गया। तत्पश्चात बिल के पक्ष और विपक्ष में वोट डाले गए और सदन का समापन हुआ। कार्यक्रम शिक्षक निशांत कुमार की देखरेख में किया गया। मंच का संचालन हेड टीचर लोकेश गाबा तथा धन्यवाद ज्ञापन निशांत कुमार ने किया। इस यूथ पार्लियामेंट की विशेष बात यह रही कि बच्चों ने संसदीय कार्यप्रणाली को जीवंत करके समझा।




कार्यक्रम में उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते प्रधान न्यायाधीश।

### शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में संविधान दिवस का आयोजन

**सक्ती।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा और शिक्षिका चंचला चन्द्रा के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विशेष तिथियों से अवगत कराते हुए हमारे महापुरुषों के कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन करना और संविधान के बारे में जानना था। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया। इस दिवस के अवसर पर बाबा साहब के कार्यों को याद करते हुए उनके अथक प्रयासों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा गया। इसमें शिक्षक के द्वारा छात्रों को संविधान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संविधान की आवश्यकता को बताया गया। संविधान के महत्व के साथ हमारे संविधान जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है की विशेषताओं को छात्रों को बताया गया। कार्यक्रम के दौरान ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन सभी के द्वारा किया गया।




## संविधान दिवस पर बच्चों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान से 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए एवं समाज में भारतीय संविधान के महत्व को बतलाने के उद्देश्य से विद्यालय के बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर से तहसील चौक होते हुए अंबेडकर चौक तक भव्य रैली का आयोजन किया गया था।

साथ ही समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संविधान के उद्देशिका को पढ़कर शपथ लिया गया, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के बच्चों एवं विद्यालय परिवार के बच्चों के लिए एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया था ,जिसमें आज के दिन के महत्व को बच्चों को बताया तथा 26 / 11 मुंबई हमले के शहीदों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस भव्य रैली का संचालन विद्यालय संचालक नरेंद्र कुमार पांडेय, अशोक कुमार मिरे,(प्राचार्य विद्या निकेतन) दीपक प्रधान (प्राचार्य ड्रीमलैंड स्कूल) अखिल शुक्ला (विभाग प्रमुख) अर्जुन लाल यादव, वीरेंद्र कुमार खुटे (रासेयो कार्यक्रम अधिकारी) नेहा खरे, सुरेश साहू, अंकित तिवारी, संजना साहू एवं समस्त विद्यालय शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।



रैली निकालते छात्र–छात्राएं।

## आम आदमी पार्टी ने शास्त्री चौक से अंबेडकर चौक तक की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा के अंतर्गत शुक्रवार 28 नवंबर का नगर के शास्त्री चौक से अंबेडकर चौक तक पद यात्रा की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के जंगल को बचाना है, बिजली दर बढ़ोत्तरी से जनता में हाहाकार है,किसानों को बचाना है, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, बच्चों को बेहतर और सस्ती शिक्षा नहीं मिल पा रही है, छत्तीसगढ़ की जनता के लिए अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं है और जो सरकारें सिर्फ वादा कर प्रदेश की जनता को छल रहीं हैं उसको बदलना है। छत्तीसगढ़ की जनता वर्तमान भाजपा सरकार से बेहद त्रस्त हो चुकी है। जमीन हमारी, खनिज हमारा, उत्पादन हमारा उसके बावजूद आम जनता को महँगी बिजली देना और बेरोजगारों की अनदेखी यही दर्शाता है की ये केवल सत्ता पाने के लिए लोक लुभावने वादे करते हैं लेकिन उसे पूरा नही करते तथा जनता के लिए काम करने की इनकी मंशा ही नही है। ये केवल अपना व अपने परिवार का विकास करते है। आम आदमी पार्टी की यह यात्रा जनता के अधिकार और बेहतर भविष्य की लड़ाई के लिए है। और इस यात्रा में प्रदेश के अनेक जनता,युवा और बुद्धिजीवी वर्ग पार्टी से जुड़ेंगे और निश्चित ही आम आदमी पार्टी का प्रदेश में जनाधार बढ़ेगा। भाजपा व कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता को विकास के नाम पर सिर्फ लूटा है।



कार्यक्रम को संबोधित करते आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य।

## रवि पांडेय के प्रयास से चार वर्षीय बालक के उपचार के लिए मुख्यमंत्री ने दिए 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




भाजपा नेता इंजीनिर रवि पाण्डेय के प्रयासों से शारदा विहार कोरबा निवासी 4 वर्षीय बालक जसवित माथुर के बोन मेरू ट्रांसप्लांट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजनांतर्गत 15 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। अब जल्द ही बालक जसवित माथुर का सर्जरी एसआरसीसी चिल्ड्रेन्स हास्पिटल मुंबई महाराष्ट्र मे होगा और वह भी अन्य बच्चों की तरह जीवन यापन कर सकेगा।

ज्ञात हो कि जसवित माथुर पिता जीतू माथुर उम्र 4 वर्ष शारदा विहार कोरबा मे निवास करता है चिकित्सकीय जांच के बाद पता चला की इसका एकमात्र उपाय बोन मेरो ट्रांस प्लांट है। जसवित के बड़े पिताजी विक्की माथुर नैला निवासी गोपाल गोयल के साथ इंजी रवि पाण्डेय से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया और बच्चे के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने से इलाज मे होने वाली समस्या की जानकारी दी। इंजीनियर पाण्डेय ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत राशि प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से निवेदन किया और साथ ही पीड़ित बच्चे के अभिभावक को संबंधित हॉस्पिटल से सर्जरी का स्टीमेट लाने को कहा। विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करवाने मे इंजी. पाण्डेय ने माथुर परिवार की मदद किया। अंततः बोन मेरू ट्रांसप्लांट सर्जरी हेतु 15 लाख की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई। पीड़ित बच्चे के बडे.पिताजी इंजी. रवि पाण्डेय का आभार व्यक्त करने उनके जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। इंजीनियर पाण्डेय ने विक्की माथुर को कहा कि यह कार्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदन शीलता और बालक के भाग्य से ही संभव हुआ है।

### डॉ. स्वामी युगल शरण का अद्वितीय आत्म सिद्धांत पर प्रवचन कल से

**चांपा।** वृंदावन प्रेम मंदिर प्रेम के जगतगुरु स्वामी कृपालु जी महाराज के प्रमुख प्रचारक डॉ. स्वामी युगल शरण द्वारा अद्वितीय आत्म सिद्धांत पर प्रवचन किया जाएगा। वृंदावन से राधा दीदी वह सन्यासी भाइयों की टीम पिछले 15 दिनों से नगर में आई हुई है। आयोजन के लिए परशुराम चौक हनुमान मंदिर प्रांगण का चयन किया गया है जहां आयोजन की जोर शोर से तैयारी चल रही है। यह भक्तिपूर्ण आयोजन 30 नवंबर से शुरू होगा जो की 20 दिसंबर तक चलेगा। यह दो-दो घंटा का धारावाहिक प्रवचन संध्या होगा, जो कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से 8 बजे तक चलेगा। आयोजन की तैयारी चल रही है। राम बड़ा तालाब के पीछे हनुमान मंदिर प्रांगण को इसके लिए तैयार किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा तेजी से टाइल्स लगाये जा रहे हैं, वहीं आयोजन समिति द्वारा टेंट, लाइट बैनर साउंड सिस्टम सहित आवश्यक साधन की व्यवस्था की जा रही है। डॉ. स्वामी युगल शरण 10 वर्ष तक भारत सरकार के अधीन एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। बचपन से साधु संतों के सानिध्य में रहे स्वामी योग शरण जब जगतगुरु कृपालु महाराज की संपर्क में आए तब उनका हृदय परिवर्तन हुआ। सारी सुविधाएं सम्मान को छोड़ वह कृपालु जी महाराज के सानिध्य में आ गए। प्रचार-प्रसार के लिए जिले के प्रमुख स्थानों पर फ्लेक्स लगाए गए हैं। हर गली मोहल्ले में जाकर कृपालु जी महाराज के आश्रम के सन्यासियों द्वारा लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।




online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411